No.of Printed Pages/Questions: 7 / 14

# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

## Annual Examination- (2023– 2024 )

**Class : V** | **MM: 80**

**Subject: Hindi** | **Time: 2.15Hrs.**

Name: ______________________ class/Section__________ Roll No.:__________

***Fifteen Minutes Extra will be for reading the Question paper***

***General Instructions:***

सामान्य निर्देश :–

(1) इस प्रश्न पत्र में दो खण्ड हैं–'अ' और 'ब'।

(2) दोनों खण्ड अनिवार्य है।

(3) निर्धारित समय–सीमा 2.00+15 घंटे हैं।

---

**(खण्ड'अ')**

**प्र01 गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प छाँटकर लिखिए–** **(1x5= 5)**

एशिया में अरब सागर के तट पर स्थित ओमान एक छोटा लेकिन खूबसूरत देश है। इसके उत्तर – पश्चिम में संयुक्त अरब–अमीरात, दक्षिण–पश्चिम में यमन तथा पश्चिम में साउदी अरब स्थित हैं। ओमान की राजधानी मस्कट बहुत ही खूबसूरत शहर है। यहाँ की मुद्रा 'रियाल' तथा भाषा 'अरबी' है। ओमान में भारतीयों की संख्या भी बहुत अधिक है जिनमें से अधिकतर दक्षिण भारतीय हैं। यही कारण है कि वहाँ हिंदी के अलावा भारत की क्षेत्रीय भाषाएँ तमिल, मलयालम भी बोली जाती हैं। यहाँ रहने वाले भारतीयों ने अपनी भाषा, संस्कृति तथा परंपराओं को बचाए रखते हुए यहाँ की परिस्थितियों को भी अपना लिया है।

i **ओमान किस सागर के तट पर स्थित है ?**

अ अरब सागर — ब मृत सागर

स आर्कटिक सागर — द भूमध्य सागर

ii **ओमान की मुद्रा कौन– सी है ?**

अ रूपया — ब डॉलर

स रियाल — द पाउंड

iii **ओमान की भाषा क्या है ?**

अ फ़ारसी — ब अरबी

स उर्दू — द तुर्की

iv **ओमान के भारतीयों में किनकी संख्या अधिक है ?**

अ उत्तर पूर्वी — ब गुजराती

स दक्षिण भारतीय — द उत्तर भारतीय

v **यहाँ हिंदी के अतिरिक्त और कौन–कौन सी भारतीय भाषाएँ बोली जाती हैं ?**

अ राजस्थानी — ब तमिल

स मलयालम — द ब और स

**प्र02 नीचे दिए गए काव्यांश को पढ़कर सही विकल्प छाँटकर लिखिए–** **(1x5=5)**

एक मित्र मिले , बोले,
लाला , तुम किस चक्की का खाते हो ?
इस डेढ़ छटाँक के राशन में भी ,
तोंद फुलाए जाते हो।

हम बोले , रहने दो लेक्चर ,
मत पुरूषों को बदनाम करो,
इस दौड़ धूप में क्या रखा ?
आराम करो, आराम करो।

आराम जिंदगी की कुंजी ,
इससे न तपेदिक होती है।
आराम सुधा की एक बूँद,
तन का दुबलापन खोती है।

आराम शब्द में राम छुपा,
जो भव बंधन को खोता है ,
आराम शब्द का ज्ञाता तो ,
विरला ही योगी होता है ।

**i – मित्र ने लाला से कितना राशन मिलने की बात की ?**

अ दो छटाँक | ब ढाई छटाँक
स डेढ़ छटाँक | द एक छटाँक

**ii – लाला क्या फुलाएँ जाता था ?**

अ गुब्बारा | ब च्यूइंगम
स मुँह | द तोंद

**iii – लाला ने क्या करने की सलाह दी ?**

अ काम | ब आराम
स खाना | द सोना

**iv – आराम शब्द में क्या छुपा बताया गया है ?**

अ आम | ब राम
स आरा | द आका

**v – आराम करने के क्या–क्या फायदे है ?**

अ तपेंदिक नहीं होती | ब भूख लगती है
स दुबलापन खत्म हो जाता है | द अ और स

**प्र03 दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए–** **(1x5= 5)**

**i – गुणवाचक विशेषण में प्रयोग किए जाने वाले शब्द पृथक कीजिए–**

अ दस मीटर ब पाँचवाँ

स मीठा द दो लीटर

**ii – रमेश <u>बुद्धिमान</u> लड़का है। (रेखांकित में विशेषण का भेद है)**

अ परिमाणवाचक ब संख्यावाचक

स गुणवाचक द सार्वनामिक

**iii – मेरी चाय में शक्कर <u>कम</u> डालना। (रेखांकित में विशेषण का भेद है)**

अ परिमाणवाचक ब संख्यावाचक

स गुणवाचक द सार्वनामिक

**iv – क्रिया के मूल रूप को ––––––– कहते है –**

अ कर्ता ब काल

स धातु द संज्ञा

**v – वह बिस्तर पर <u>सो रहा है</u>। (रेखांकित क्रिया का भेद है)**

अ सकर्मक ब अकर्मक

स सहायक द प्रेरणार्थक

**प्र04 दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए–** **(1x5= 5)**

**i – इनमें से कौन–सा शब्द मुख्य क्रिया का उदाहरण है ?**

अ आप ब रहे थे

स साँप द हँसना

**ii – अविकारी शब्द ––––––– प्रकार के होते है ?**

अ एक ब दो

स तीन द चार

**iii – निम्न में से विस्मयादिबोधक शब्द का उदाहरण पृथक कीजिए–**

अ प्रतिदिन ब गटागट

स वाह! छ इधर–उधर

**iv – अगर जल्दी आते ––––– नाटक देख पाते।**

अ तो ब और

स बल्कि द तथा

**v – पानी–पाणि श्रुतिसमभिन्नार्थक का अर्थ है–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | प्रगाढ़–जल | ब | जल–हाथ |
| स | वार्ता– नीर | द | संबंध–उत्तर |

**प्र05 दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए– (1X5= 5)**

**i – प्रसाद–प्रासाद श्रुतिसमभिन्नार्थक का अर्थ है–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | शिव –घर | ब | कृपा–महल |
| स | सीप– उक्ति | द | लाख–उद्देश्य |

**ii – बाजार से ------- लेते आना । (निम्न में से उचित श्रुतिसमभिन्नार्थक छाँटकर लिखिए)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | समान | ब | सामान |
| स | सम्मान | द | संबंध |

**iii – 'धन' अनेकार्थी शब्द के चार विकल्पो में सें एक गलत विकल्प पृथक कीजिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | माया | ब | संपत्ति |
| ग | राजा | द | जोड़ |

**iv – हरि के दो अर्थ हैं।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | बंदर – विष्णु | ब | विष्णु– हिरन |
| स | घोड़ा – हिरण | द | हिरण–पशु |

**v – 'पत्र' अनेकार्थी शब्द के चार विकल्पो में सें एक गलत विकल्प पृथक कीजिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | पत्ता | ब | पंख |
| ग | चिट्ठी | द | ग्रंथ |

**प्र06 दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए– (1X5= 5)**

**i – 'जिसके आने की तिथि न हो।'(वाक्यांश के लिए एक शब्द है)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | अग्रज | ब | सदाचारी |
| स | अमर | द | अतिथि |

**ii – 'मगरमच्छ <u>जल में रहने वाला प्राणी है।</u>' (रेखांकित शब्दों के लिए एक शब्द पृथक कीजिए)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | थलचर | ब | जलचर |
| ग | नभचर | द | उभयचर |

**iii – 'जिसके पास धन न हो।'(वाक्यांश के लिए एक शब्द है)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | धनी | ब | धनहीन |
| स | धनिक | द | निर्धन |

**iv – '15 अगस्त 1947 को भारत स्वतंत्र हुआ था।'(वाक्य में काल का भेद है)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | वर्तमानकाल | ब | भूतकाल |
| स | भविष्यतकाल | द | हेतु हेतुमद भूत |

**v – अनुमान लगाने वाली क्रियाएँ किस काल के अंतर्गत आती है**

अ वर्तमानकाल ब भूतकाल

स भविष्यतकाल द इनमें से कोई नहीं

**प्र07 गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प छाँटकर लिखिए–** **(1x5= 5)**

बिशन के लिए आगे निकल भागने का रास्ता नहीं था। अगर वह सड़क से जाता तो शिकारी को साफ़ दिखाई दे जाता। इसलिए उसने खेतों के छोटे रास्तें से जाना तय किया। खेतों के आगे के रास्ते में काँटेदार झाडियाँ थीं। बिशन उसी रास्ते पर घुटनों के बल चलने लगा। बहुत सँभलकर चलने पर भी उसके हाथ– पाँव पर काँटों की बहुत –सी खरोंचें उभर आई। खरोंचों से खून भी निकलने लगा। उसकी कमीज़ की एक आस्तीन भी फट गई। वह जानता था कि कमीज़ फटने पर उसे माँ से डाँट भी खानी पड़ेगी। पर बिशन को इस बात का संतोष था कि वह अब तक तीतर की जान बचाने में कामयाब रहा।

**i – बिशन किस रास्ते से जाता तो शिकारी को साफ़ दिखाई देता ?**

अ पगड़डी ब सड़क

स रेल द वायुमार्ग

**ii – बिशन ने ––––– के छोटे रास्तों से जाना तय किया।**

अ पहाड़ों ब नादियों

स खेतों द इनमें से कोई नहीं

**iii – खेतों के आगे के रास्ते में किस तरह की झाँडिया थीं ?**

अ काँटेदार झाँडियाँ ब घनी झाँडियाँ

स गहरी झाँडियाँ द चौड़ी झाँडियाँ

**iv – बिशन को ––––– बात का संतोष था।**

अ कर्नल दत्ता की जान बचाने का ब तीतर की जान बचाने का

स शिकारी की जान बचाने का द कर्नल दत्ता पत्नी की जान बचाने का

**v– कमीज़ फटने पर बिशन को किससे डाँट खानी पड़ेगी ?**

अ चाची ब माँ

स बुआ द दादी

**प्र08 नीचे दिए गए काव्यांश को पढ़कर सही विकल्प छाँटकर लिखिए–** **(1x5=5)**

गुरु ने कहा – जान देना नहीं है,
मुसीबत मुझे मोल लेना नहीं है।
न जाने की अंधेरे हो कौन छन में ?
यहाँ ठीक रहना समझता न मन में।
गुरु ने कहा किंतु चेला न माना ,
गुरु को विवश हो पड़ा लौट जाना।
गुरुजी गए , रह गया किंतु चेला,
यही सोचता हूँगा मोटा अकेला।

**i – कविता के रचयिता कौन है?**

अ सोहन लाल द्विवेदी ब जयशंकर प्रसाद

स केदारनाथ अग्रवाल द कपिल अग्रवाल

**ii – गुरु जी क्या मोल नहीं लेना चाहते थे ?**

अ रबड़ी ब मशक

स मुसीबत द इनमें से कोई नहीं

**iii – गुरुजी को —————— होकर लौट जाना पड़ा।**

अ मजबूर ब खुश

स प्रसन्न द विवश

**iv –गुरु की बात चेला ने नहीं मानी क्योंकि वह अंधेर नगरी में रहकर ———— बनना चाहता था ।**

अ बुद्धिमान ब मोटा

स चालाक द अनबूझ

**v . 'मुसीबत' शब्द का अर्थ है।**

अ संकट ब विवाद

स बलवान द मूर्ख

**(खण्ड'ब')**

**प्र09 दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(2X5= 10)**

**i** राजम के पिता के विषय में स्वामी ने दादी को क्या बताया ?

**ii** स्वामीनाथन ने राजम की प्रशंसा करते हुए दादी को क्या बताया ?

**iii** राजम ने अपने पिताजी की जान शेर से कैसे बचाई ?

**iv** नवयुवक कुली ने जवाहरलाल को क्या बताया ?

**v** जवाहरलाल को अमरनाथ यात्रा का सफर अधूरा क्यों छोड़ना पड़ा ?

**प्र010 दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(2X5= 10)**

**i** दूसरे बालक को बाघ के विषय में क्या संदेह था ?

**Ii** बाघिन जब पहरा देती थी, तब बाघ क्या करता था ?

**iii** पहले बालक ने बाघ को कहाँ देखा था ? उसके कितने बच्चे थे ?

**iv** नदी में पानी कहाँ से आता है ?

**v** क्या आपने कभी नदी में स्नान किया है ? यदि हाँ तो अपना अनुभव बताइए।

**प्र011 दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए–** **(1X5= 5)**

**i**) राजा **ii**) दादी **iii**) रात **iv**) कहानी **v**) गाँव

**प्र012 मिलान कीजिए—** **(1x5=5)**

| | |
|---|---|
| **i)** बाघ आया उस रात | फाँसी |
| **ii)** गुरू | तीतर |
| **iii)** राजा | शिकारी |
| **iv)** बिशन | चेला |
| **v)** गोलियाँ | नागार्जुन |

**प्र013 दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए—** **(5x1=5)**

**i)** जब मैं विज्ञान मेले में गई

**ii)** सच्चा मित्र

**iii)** वृक्ष लगाओ, प्रदूषण भगाओ

**iv)** विद्यार्थी जीवन में खेलों का महत्त्व

**प्र014 दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए।** **(5x1= 5)**

मोबाइल फोन के कम उपयोग की सीख देते हुए छोटी बहन को पत्र लिखिए।

**अथवा**

अपने शैक्षणिक भ्रमण (यात्रा) के बारे में बताते हुए चाचा जी को पत्र लिखिए।

***********

